अधिकारों का सारांश

ग्राहकों, उपभोक्ताओं और Icon Water के अधिकारों, पात्रताओं और दायित्वों का सारांश।

icon WATER

Hindi | हिन्दी

विषय-वस्तु

हम कौन हैं 3

हमारे सेवा मानक 3

गारंटीकृत सेवा स्तर छूट 4

आपका मानक ग्राहक अनुबंध 5

हमारे साथ अन्य समझौते 5

आपका डेटा और व्यक्तिगत जानकारी 5

आपका जल और अपशिष्ट जल (वाटर एंड वेस्टवाटर) अकाउंट 6

भुगतान करने से सम्बन्धित कठिनाइयाँ 6

त्रुटियाँ और आपातकालीन स्थितियाँ 6

शिकायत करना 7

आपकी संपत्ति में प्रवेश 7

जल सेवाएँ 8

अपशिष्ट जल (वेस्टवाटर) सेवाएँ 9

निर्माण-कार्य, नवीकरण, लैंडस्केपिंग 10

स्थायी जल संरक्षण उपाय 11

यह दस्तावेज़ सेवा के न्यूनतम मानकों का सारांश देता है जिनकी आप अपेक्षा कर सकते हैं, और साथ ही जल तथा सीवरेज सेवाएँ प्राप्त करने के लिए हमारे प्रति आपके दायित्वों का भी सार प्रस्तुत करता है।

आपको सेवाएँ प्रदान करने में, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम *उपभोक्ता संरक्षण संहिता, उपयोगिता अधिनियम 2000*, गोपनीयता कानून, उपयोगिता सेवाएँ लाइसेंस, ऑस्ट्रेलियाई पेयजल दिशानिर्देशों और संबंधित विनियमों और आवश्यकताओं सहित सभी प्रासंगिक नियामक आवश्यकताओं का अनुपालन करते हैं।

हम कौन हैं

Icon Water एसीटी सरकार का क्षेत्रीय (टेरिटरी) स्वामित्व वाला निगम है। हमारे पास एसीटी के बांधों, जल उपचार संयंत्रों, अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों, जलाशयों, जल और अपशिष्ट जल के पंपिंग स्टेशनों, मुख्य (मेन्स) और अन्य संबंधित बुनियादी ढांचे के नेटवर्क का स्वामित्व है और हम इनका संचालन करते हैं।

हर दिन हर घंटे, हम राजधानी क्षेत्र भर के घरों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल प्रदान करते हैं। एक बार जब इस पानी का उपयोग कर लिया जाता है, तो आपके स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम परिणाम सुनिश्चित करने और पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए हम अपशिष्ट को हटा देते हैं और इसका शोधन करते हैं।

Icon Water के बारे में और अधिक जानकारी iconwater.com.au पर पाई जा सकती है।

हमारे सेवा मानक

स्वतंत्र प्रतिस्पर्धा और नियामक आयोग (Independent Competition and Regulatory Commission, ICRC) Icon Water के सेवा मानकों को निर्धारित करता है - सेवा का एक न्यूनतम स्तर जिसकी आप हमसे अपेक्षा कर सकते हैं। उपभोक्ता संरक्षण संहिता हमारे कई सेवा दायित्वों का विवरण देती है और इसे ICRC की वेबसाइट icrc.act.gov.au पर पाया जा सकता है या इसे अनुरोध पर आपको उपलब्ध कराया जा सकता है।

गारंटीकृत सेवा स्तर छूट

हम वादा करते हैं कि हम उपभोक्ता संरक्षण संहिता (Consumer Protection Code) में निर्धारित गारंटीकृत सेवा स्तरों (जीएसएल) [Guaranteed Service Levels (GSLs)] की आपूर्ति करेंगे। यदि हमारा प्रदर्शन इन मानकों को पूरा नहीं कर पाता है, तो हम आपके खाते में स्वत: क्रेडिट जमा कर देंगे। GSLs का सारांश नीचे दिया गया है।

पैरामीटर	गारंटीकृत सेवा स्तर	छूट
ग्राहक कनेक्शन और फ्लो रिस्ट्रिक्टर्स को हटाना	आवश्यक तिथि तक कनेक्शन प्रदान नहीं किया गया है, या फ्लो रिस्ट्रिक्टर्स हटाए नहीं गए हैं	$60 प्रतिदिन (अधिकतम $300)
शिकायतों का उत्तर देना	शिकायत प्राप्त होने पर यूटिलिटी: a) शिकायत को तुरंत या जितनी जल्दी व्यावहारिक हो सके, अभिस्वीकृति नहीं देती है; और b) 20 कार्यदिवसों के अंदर शिकायत के मामले को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदान नहीं करती है।	$20
नियोजित व्यवधान की सूचना	दो कार्यदिवसों का नोटिस नहीं दिया गया	$50
व्यवधान की अवधि (एकबारगी घटना)	अनियोजित अवरोध 12 घंटे या इससे अधिक समय तक रहता है	$80
अनियोजित व्यवधान की बारंबारता	ग्राहक को एक वित्तीय वर्ष में 9 से अधिक अनियोजित व्यवधानों का सामना करना पड़ता है	$80
ग्राहक के परिसर को प्रभावित करने वाले दोष, समस्या या चिंता के बारे में सूचित किए जाने के बाद उत्तर मिलने का समय	यूटिलिटी उत्तर देने में असफल रहती है: a) यदि अधिसूचना नेटवर्क में हुए ऐसे नुकसान या समस्या के दोष से संबंधित है जिसके कारण जनस्वास्थ्य के प्रभावित होने की संभावना है, अथवा उसके कारण किसी व्यक्ति या संपत्ति के लिए गंभीर नुकसान पैदा हो रहा है, या उसमें गंभीर नुकसान पहुंचाने की क्षमता है, तो जितनी जल्दी व्यावहारिक हो, और अनिवार्य रूप से छह घंटों के अंदर उत्तर दें; और b) अन्य सभी मामलों में 48 दिनों के अंदर; और c) उत्तर में बताए गए समय के अंदर समस्या या चिंता का समाधान करेंगे।	$60 प्रतिदिन (अधिकतम $300)

आपका मानक ग्राहक अनुबंध

Icon Water *के अधिकांश ग्राहक हमारे जल और मलजल सेवा कनेक्शन तथा आपूर्ति मानक ग्राहक अनुबंध* के तहत आते हैं। यह अनुबंध (कांट्रेक्ट) Icon Water नेटवर्क से जुड़े ग्राहकों को मानक पेयजल और घरेलू अपशिष्ट जल सेवाओं की आपूर्ति के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी एक दस्तावेज है।

इस अनुबंध (कांट्रेक्ट) को देखने या डाउनलोड करने के लिए, iconwater.com.au पर जाएं या हमसे **(02) 6248 3111** (विकल्प 3) पर बात करें ताकि एक प्रति आपको डाक से भेजी जाए।

हमारे साथ अन्य समझौते

यदि आपके पास हमारे साथ कोई अलग समझौता या अनुबंध है (उदाहरण के लिए, एक गैर-पेयजल या व्यापारिक अपशिष्ट समझौता), तो *जल और सीवरेज सेवाएँ कनेक्शन और आपूर्ति मानक ग्राहक अनुबंध* की शर्तें लागू होंगी, बशर्ते वे आपके अलग समझौते की शर्तों के साथ असंगत न हों।

आपका डेटा और व्यक्तिगत जानकारी

आपके प्रति हमारे दायित्व

हम आपके द्वारा हमारे साथ व्यापार करने के लिए प्रदान की जाने वाली सभी व्यक्तिगत जानकारी को किसी तीसरे पक्ष को प्रकटीकरण किए जाने से सुरक्षित रखेंगे, सिवाय उस स्थिति के जहाँ कानून द्वारा ऐसा करने की अनुमति दी गई हो, या आपके ग्राहक अनुबंध के तहत इसकी अनुमति दी गई हो, या ऐसा किया जाना आपके द्वारा अधिकृत हो। निजी या व्यक्तिगत जानकारी वाले किसी विषय पर चर्चा करने से पहले हम हमेशा यह पुष्टि करेंगे कि हम उचित व्यक्ति से बात कर रहे हैं।

हमारे प्रति आपके दायित्व

यदि आपके संपर्क विवरण बदलते हैं (जैसे; अधिकृत खाता धारक, डाक पता, ईमेल पता और फोन नंबर) तो आपको हमें सूचित करना होगा जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे रिकॉर्ड्स अप-टु-डेट हैं ताकि हम आपको आपकी जल और अपशिष्ट जल सेवाओं के बारे में नोटिस भेज सकें।

हमारी गोपनीयता नीति को देखने या डाउनलोड करने के लिए, iconwater.com.au पर जाएं या हमसे **(02) 6248 3111** (विकल्प 3) पर बात करें ताकि एक प्रति आपको डाक से भेजी जाए।

आपका जल और अपशिष्ट जल (वाटर एंड वेस्टवाटर) अकाउंट

आपके प्रति हमारे दायित्व

हम आपके नाम पर आपके परिसर के स्वामित्व के हस्तांतरण की तारीख से जल और अपशिष्ट जल सेवाओं की आपूर्ति और खपत के लिए एक खाता (अकाउंट) बनाएंगे। हम आपको इन सेवाओं के लिए कम से कम हर 120 कैलेंडर दिन बाद एक बिल भेजेंगे और इन सेवाओं के लिए हमारी *जल और सीवरेज सेवाएँ शुल्क अनुसूची* और *विविध फीस और शुल्क अनुसूची* में विस्तृत तरीके के अनुसार शुल्क लेंगे।

हमारे प्रति आपके दायित्व

आपको देय (नियत) तिथि तक अपने बिल का भुगतान करना होगा या हम आपके अतिदेय बिल पर ब्याज ले सकते हैं।

हमारी *मानक जल और सीवरेज सेवाएँ शुल्क अनुसूची* और *विविध फीस और शुल्क अनुसूची* देखने या डाउनलोड करने के लिए, iconwater.com.au/about-us/our-pricing पर जाएं या हमसे **(02) 6248 3111** (विकल्प 3) पर बात करें ताकि एक प्रति आपको डाक से भेजी जाए।

भुगतान करने से सम्बन्धित कठिनाइयाँ

आपके प्रति हमारे दायित्व

यदि आपको देय (नियत) तिथि तक अपने बिल का भुगतान करने में परेशानी हो रही है तो हम यह सुनिश्चित करेंगे कि विभिन्न प्रकार के भुगतान सहायता विकल्प उपलब्ध हैं।

हमारे प्रति आपके दायित्व

अपना बिल प्राप्त करने के बाद जितनी जल्दी हो सके हमसे संपर्क करें और हमारी सहायता टीम आपके लिए कारगर कोई समाधान खोजेगी। हमसे **(02) 6248 3111** (विकल्प 2) पर बात करें।

त्रुटियाँ और आपातकालीन स्थितियाँ

आपके प्रति हमारे दायित्व

हम आपको जल या अपशिष्ट जल सेवा त्रुटि से सम्बन्धित आपातकालीन स्थिति की रिपोर्ट करने के लिए 24 घंटे की आपातकालीन फोन सेवा प्रदान करेंगे। हम जितनी जल्दी हो सके जवाब देंगे और आपके जल और अपशिष्ट जल सेवाओं में रुकावट को कम करने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयासों का उपयोग करेंगे।

हमारे प्रति आपके दायित्व

जब आप किसी समस्या की रिपोर्ट करते (सूचना देते) हैं, तो कृपया सुनिश्चित करें कि हम अपने नेटवर्क तक बिना किसी रूकावट के पहुँच पाएं (जैसे: अपना गेट खुला रखना, अपनी कार को कहीं ओर खड़ी करना, झाड़-पौधे हटाना या अपने जानवरों को बांध कर रखना) ताकि हमें अपना काम करने के लिए निर्बाध पहुंच मिल सके।

जल या अपशिष्ट जल सेवा त्रुटि से सम्बन्धित आपातकालीन स्थिति की रिपोर्ट करने के लिए, हमारे 24 घंटे की त्रुटि और आपातकालीन सेवा **(02) 6248 3111** (विकल्प 1) पर हमसे बात करें।

शिकायत करना

आपके प्रति हमारे दायित्व

जब हमें कोई शिकायत मिलती है, तो मान्य गुणवत्ता मापदंडों और उपभोक्ता संरक्षण संहिता के अनुसार इसकी जाँच-पड़ताल करने, इसपर कार्यवाही करने और इसका समाधान करने के लिए इसे एक ग्राहक सेवा प्रतिनिधि के साथ पंजीकृत किया जाएगा और उसे सौंपा जाएगा।

हम आपकी शिकायत को तुरंत अभिस्वीकृति देंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे कि समस्या को आपकी संतुष्टि के स्तर तक हल किया जाए। हमारे उत्तर में हमारे निर्णय के कारणों को बताया जाएगा और आप 20 व्यावसायिक दिनों के भीतर एक मूल प्रतिक्रिया प्राप्त करने की उम्मीद कर सकते हैं।

यदि आप हमारी प्रतिक्रिया से संतुष्ट नहीं हैं, तो आपको यह अनुरोध करने का अधिकार है कि Icon Water के प्रबंधन-वर्ग द्वारा आपके मामले पर पुनर्विचार किया जाए। यदि आप पुनर्विचार के बाद भी संतुष्ट नहीं हैं, तो आपके पास एसीटी सिविल एंड एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (एसीएटी) को (02) 6207 7740 या tribunal@act.gov.au पर संपर्क करके समीक्षा कराए जाने का अधिकार है।

हमारे प्रति आपके दायित्व

कृपया Icon Water के सभी प्रतिनिधियों के साथ शिष्टाचार और सम्मान के साथ व्यवहार करें। अपनी शिकायत के मुद्दों के बारे में स्पष्ट रहें और जहां संभव हो, हमें बताएं कि आप किस प्रकार का परिणाम या नतीजा चाहते हैं।

आपकी संपत्ति में प्रवेश

Icon Water के कर्मचारी या प्राधिकृत ठेकेदार वॉटर मीटर की रीडिंग लेने, हमारे बुनियादी ढांचे से जुड़े पाइपों या जुड़नारों का निरीक्षण करने, हमारे नेटवर्क पर कार्य करने अथवा अन्य जांच या निरीक्षण करने के लिए, और आपातकालीन परिस्थिति पैदा होने पर आपकी संपत्ति में प्रवेश कर सकते हैं।

आपके प्रति हमारे दायित्व

काम शुरू करने से पहले हम आपको कम से कम सात (7) दिनों की लिखित सूचना (नोटिस) प्रदान करेंगे, जब तक कि यह कोई आपातकालीन स्थिति न हो या आपने हमें पहले प्रवेश करने की अनुमति न दी हो। काम पूरा हो जाने के बाद, हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी उचित कदम उठाएंगे कि भूमि को जल्द से जल्द एक ऐसी स्थिति में बहाल किया जाए जो काम शुरू किए जाने से पहले इसकी स्थिति के समान हो।

हमारे प्रति आपके दायित्व

आपको अपनी प्रापर्टी (संपत्ति) तक पूर्ण पहुंच सुनिश्चित करनी होगी (जैसे: गेट खुले रखना, अपनी कार कहीं ओर खड़ी करना, झाड़-पौधों को हटाना या अपने जानवरों को बांध कर रखना) ताकि हम अपना काम सुरक्षित रूप से कर सकें।

जल सेवाएँ

हमारी जल सेवा के स्तर आपकी संपत्ति की चाहरदीवारी पर कनेक्शन प्वाइंट के लिए गारंटीकृत हैं। सामान्य रूप से आपकी संपत्ति की चाहरदीवारी पर मीटर या आइसोलेशन वाल्व/बॉल से जलापूर्ति के कनेक्शन प्वाइंट की पहचान की जाती है।

सामान्य नियम यह है कि हम अपनी जल सेवा को वॉटर मीटर तक और इसे शामिल करते हुए स्तर तक बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं। वाटर मीटर से आपकी इमारत तक सभी नलसाजी और पाइप का काम संपत्ति के मालिक के रूप में आपकी जिम्मेदारी है और इसे आंतरिक पाइप कार्य के रूप में जाना जाता है।

आपके प्रति हमारे दायित्व

हम वाटर मेन से वाटर मीटर तक कनेक्शन पाइप का रखरखाव कार्य करेंगे, इसमें आइसोलेशन वाल्व का रखरखाव करना शामिल है।

हम निम्नलिखित न्यूनतम प्रवाह की आपूर्ति करेंगे, जिसे वाटर मीटर पर या वाटर मीटर के बाद आने वाले पहले नल पर मापा जाएगा, जो कि आपके जल सेवा पाइप के आकार पर आधारित होता है।

हमारे प्रति आपके दायित्व

आपको वाटर मीटर बॉक्स और सुरक्षात्मक ढक्कन को अच्छी स्थिति में और बाधाओं से मुक्त रखना होगा ताकि वाटर मीटर को हमारे द्वारा सुरक्षित रूप से पढ़ा जा सके और इसका रखरखाव किया जा सके। आपको वाटर मीटर बॉक्स के चारों ओर कम से कम एक (1) मीटर की निकासी रखनी होगी।

संपत्ति सेवा पाइप का व्यास (मिमी)	20	25	32	40	50
न्यूनतम प्रवाह दर लीटर प्रति मिनट में	20	35	60	90	160

अपशिष्ट जल (वेस्टवाटर) सेवाएँ

आप जो कुछ भी सिंक में नीचे गिराते/गिराती हैं या टॉयलेट में डालते/डालती हैं, वह अपशिष्टजल तंत्र से होकर गुजरता है। यह सब एक उपचार संयंत्र (ट्रीटमेंट प्लांट) तक जाता है जहाँ हम इसे स्थायी तरीके से पर्यावरण में वापस भेजने से पहले संसाधित करते हैं। अपशिष्टजल शोधन संयंत्र हमारे समुदाय के जनस्वास्थ्य मानकों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आपके प्रति हमारे दायित्व

हमारी प्रणाली की विफलता के कारण अतिप्रवाह (ओवरफ्लो) होने की स्थिति में, हम आपको होने वाली क्षति और असुविधा को न्यूनतम करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रभावित क्षेत्र की कुशलतापूर्वक और पर्याप्त रूप से सफाई हो। हमारी वित्तीय देयता की सीमा उस स्थिति तक सीमित है जहाँ अतिप्रवाह (ओवरफ्लो) हमारी ओर से हुई लापरवाही के कारण होता है।

यदि आपके पास लाइसेंस प्राप्त प्लम्बर या ड्रेनर है जो आपकी संपत्ति पर किसी समस्या की जांच करता है और यह पता चलता है कि दोष हमारे नेटवर्क के अंतर्गत है, तो हम आपको *प्रतिपूर्ति की हमारी मानक दरों* के अनुसार उचित व्यय की प्रतिपूर्ति करेंगे, जो iconwater.com.au/My-Home/Claims/plumbing-reimbursement पर देखने या डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध हैं या एक प्रति आपको भेजने के लिए **(02) 6248 3111** (विकल्प 3) पर हमसे बात करें।

हमारे प्रति आपके दायित्व

ब्लॉकेज (रुकावट) से बचने के लिए आपको टॉयलेट, सिंक, बॉथस और शावर के माध्यम से अपशिष्ट जल प्रणाली में टॉयलेट पेपर के अलावा अन्य कोई भी चीज नहीं डालनी चाहिए।

आपको प्रापर्टी बाउंड्री राइजर और सम्भवत: आपकी प्रापर्टी पर स्थित सीवर मैनहोल के आसपास सुरक्षित पहुंच (कम से कम एक (1) मीटर निकासी) बनाए रखनी होगी (यह वह जगह है जहाँ आपकी आंतरिक प्लम्बिंग [नलसाजी] अपशिष्ट जल प्रणाली से जुड़ती है)।

निर्माण-कार्य, नवीकरण, लैंडस्केपिंग

लगभग हर दो ACT संपत्तियों में से एक की सीमा के अंदर अपशिष्ट जल नेटवर्क पाइप हैं। जलापूर्ति नेटवर्क सेवाएँ संपत्तियों के आर-पार होकर जाती हैं या उनके बगल स्थित सड़कों, वर्जेस और सार्वजनिक स्थानों से होकर गुजरती हैं।

हम आपको गलत नवीकरण से बचने में सहायता देना चाहते हैं। इससे पहले कि आप अपने नए घर का, घर का विस्तार-कार्य करने का या लैंडस्कैपिंग कार्य का डिजाइन करना शुरू करें, यह सुनिश्चित करें कि आपके डिजाइनर, आर्किटेक्ट (वास्तुकार) या बिल्डर Before You Dig Australia (BYDA) से संपर्क करके यह पता करते हैं कौन सी जल या अपशिष्ट जल पाइपें आपकी प्रापर्टी (संपत्ति) पर या इसके करीब स्थित हैं। संपत्ति के मालिक के रूप में यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आपकी है कि नेटवर्क मेन्स की मरम्मत करने के उपकरण लाने के लिए हमारे पास पर्याप्त रिक्त स्थान उपलब्ध हो।

यदि आप हमारी परिसंपत्तियों के ऊपर या इनके काफी नज़दीक निर्माण करते/करती हैं, तो अवरोध को हटाने या मेन्स का स्थान बदलने के लिए आपको भुगतान करना होगा, जिसकी कीमत हज़ारों डॉलर हो सकती है। इस परिस्थिति से बचने के लिए, सुनिश्चित करें कि आप और आपकी बिल्डिंग टीम को यह जानकारी है कि आपकी प्रापर्टी (संपत्ति) पर कौन से अपशिष्ट जल या पानी के पाइप स्थित हैं।

यूटिलिटी पाइप एसीटी में कई संपत्ति मालिकों की संपत्ति से होकर गुजरते हैं। नगरीय समुदायों और पर्यावरण में जल और अपशिष्ट जल सेवाओं के कार्य की अनिवार्य भूमिका को मान्यता देने के लिए यूटिलिटी पाइप और पंजीकृत ईज़मेंट्स कानून द्वारा संरक्षित हैं। Icon Water का यह विधायी दायित्व है कि इन परिसंपत्तियों को सुरक्षित रखा जाए और इस बारे में नियम स्थापित किए जाएँ कि संरक्षण की आवश्यकता कैसे, कब और कहाँ पड़ती है।

संपत्ति के टाइटल (या जमा योजना) पर सेवा आरक्षित होना या ईज़मेंट मौजूद होना हमेशा ही जल और अपशिष्ट जल पाइपों के वास्तविक स्थल का विश्वसनीय संकेतक नहीं होता है। यूटिलिटी पाइप ईज़मेंट्स के बिना भी कई ब्लॉकों के आर-पार होकर गुजर सकते हैं, और ईज़मेंट या संपत्ति की चाहरदीवारी के बाहर जल तथा अपशिष्ट जल नेटवर्क मौजूद हो सकते हैं। सभी मामलों में 'पाइप प्रोटेक्शन एनवेलप' नियंत्रण आवश्यकता है।

पाइप प्रोटेक्शन एनवेलप वह रिक्त स्थान होता है, जो हमारे जल और अपशिष्ट जल नेटवर्क को सुरक्षित रूप से एक्सेस करने, उसका परिचालन करने, उसकी मरम्मत करने और उसका प्रतिस्थापन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक होता है। भूमिगत नेटवर्क में एक अनिवार्य पाइप सुरक्षा आवरण होता है जो सभी जल एवं अपशिष्ट जल नेटवर्क के ऊपर, दोनों ओर तथा पूरी लंबाई तक फैला होता है। सामान्य रूप से पाइप प्रोटेक्शन एनवेलप की चौड़ाई और ऊंचाई का निर्धारण यूटिलिटी पाइप के व्यास, गहराई और श्रेणी के अनुसार किया जाता है।

आपके प्रति हमारे दायित्व

आपके द्वारा निवेदन किए जाने पर हम आपकी संपत्ति पर जल और अपशिष्ट जल परिसंपत्तियों के बारे में आपको उस सीमा तक जानकारी प्रदान करेंगे, जहाँ तक यह जानकारी हमारे पास यथोचित रूप से उपलब्ध है। हम लैंडस्केपिंग, निर्माण-कार्य या नवीकरण के आपके आवेदन का प्रसंस्करण 15 कार्यदिवसों के अंदर करेंगे।

हमारे प्रति आपके दायित्व

कोई भी खुदाई-कार्य शुरू करने से पहले आपको यह समझना होगा कि आपकी प्रापर्टी (संपत्ति) पर हमारे जल और अपशिष्ट जल पाइप कहाँ स्थित हैं।

स्थायी जल संरक्षण उपाय

वर्तमान में हमारे पास स्थायी जल संरक्षण उपाय हैं जो आपके पानी के उपयोग पर लागू होते हैं। इन उपायों को *यूटिलिटीज (जल संरक्षण) विनियम, 2006* के अनुसार लागू किया जाता है।

नीचे दी गई परिस्थितियों में जल के उपयोग पर स्थायी जल संरक्षण उपाय लागू होते हैं:

- अपने घर के बगीचे और लॉन में पानी छोड़ना
- सार्वजनिक खेल सुविधाओं, सार्वजनिक पार्कों और बगीचों, सार्वजनिक खुले स्थानों पर सिंचाई करना और पानी छोड़ना
- कमर्शियल नर्सरी, कमर्शियल बाज़ारी बगीचे और कमर्शियल टर्फ उगाने वाले कारोबार
- गाड़ियाँ धोना
- पक्की सड़क के क्षेत्रों की सफाई करना
- खिड़कियों, इमारतों और इमारतों में गटर की सफाई करना
- निजी तालाबों और फव्वारों में पानी भरना या ऊपर तक भरने के लिए इनमें और अधिक पानी डालना
- सार्वजनिक तालाबों और फव्वारों में पानी भरना या ऊपर तक भरने के लिए इनमें और अधिक पानी डालना
- निजी स्विमिंग पूलों और स्पा को खाली करना, इनमें पानी भरना और ऊपर तक भरने के लिए इनमें और अधिक पानी डालना
- सार्वजनिक स्विमिंग पूलों और स्पा को खाली करना, इनमें पानी भरना और ऊपर तक भरने के लिए इनमें और अधिक पानी डालना
- पानी के स्टोरेज टैंकों, बांधों और झीलों को भरना या ऊपर तक भरने के लिए इनमें और अधिक पानी डालना
- भवन-निर्माण और संबंधित गतिविधियाँ

अधिक जानकारी या सलाह के लिए कृपया **(02) 6248 3111** (विकल्प 3) पर हमसे बात करें। अपवाद के लिए आवेदन करने, उल्लंघन की रिपोर्ट करने या और अधिक जानकारी को ऑनलाइन डाउनलोड करने के लिए हमारी वेबसाइट iconwater.com.au पर जाएँ।

इस दस्तावेज़ का अनुवाद ACT में बोली जाने वाली पांच शीर्ष भाषाओं (2025 तक) में किया गया है। इस दस्तावेज़ के सभी अनुवाद iconwater.com.au पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं।

पंजीकृत कार्यालय

12 Hoskins Street
Mitchell ACT 2911

डाक पता

Icon Water
PO Box 50
Mitchell ACT 2911

ACN: 069 381 960

ABN: 86 069 381 960

हमसे बात करें

ई-मेल talktous@iconwater.com.au

टेलीफोन (02) 6248 3111

iconwater.com.au

जिन लोगों को सुनने की शक्ति से सम्बन्धित समस्याएँ हैं, उनके लिए TTY

133 677

भाषा-संबंधी सहायता

13 14 50, 24 घंटे

icon
WATER